### एक नजर

## गणगौर उत्सव का हुआ समापन

**हरदा,21 मार्च नससे.** गणगौर के पावन पर्व की शुभकामनाएं गणगौर की पूजा का उत्सव आपके जीवन में समृद्धि लाए कोई भी व्रत में उद्यापन का विशेष महत्व है ।उसी परम्परा को आगे बढाते हुए अग्रवाल महिला मण्डल द्वारा गणगौर का उद्यापन कराया गया।जिसमे अग्रवाल समाज की और ब्राम्हण समाज की महिलाओं ने भी उद्यापन किया। इसमें 20 से ज्यादा महिलाओं ने उद्यापन किया उद्यापन करने वाली सभी महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा से सुशोभित थी ।इस कार्यक्रम में अध्यक्ष सोनाली सराफ , सचिव राखी अग्रवाल , कोषाध्यक्ष जया अग्रवाल , उपाध्यक्ष चेतना अग्रवाल और सह सचिव नमिता गोयल ने मिलकर कार्य भार को संभाला।

# पर्यटकों को मिलेगी सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा

## सतपुडा की रानी पचमढ़ी में पर्यटन को बढ़ावा देने नई गाइड जारी

नवभारत समाचार सेवा

**नर्मदापुरम,21,मार्च,** सतपुडा पर्वत श्रंखला की वादियों में बसी सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी अपने मनमोहक प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण, झरनों की मधुर ध्वनि और आध्यात्मिक स्थलों के कारण देश-विदेश के पर्यटकों का प्रमुख आकर्षण बनी हुई है। पर्यटन को और अधिक सुगम, व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने के उद्देश्य से जिला पर्यटन कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा पचमढ़ी के प्रमुख पर्यटन स्थलों की एक विस्तृत एवं उपयोगी गाइड जारी की गई है।

यह गाइड पर्यटकों को न केवल विभिन्न स्थलों की जानकारी उपलब्ध कराती है, बल्कि यह भी बताती है कि किन स्थानों तक कैसे पहुँचना है, उनकी दूरी कितनी है तथा कहाँ अनुमति आवश्यक है। इससे पर्यटकों की यात्रा अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और यादगार बन सकेगी।

### हर कदम पर नया अनुभव

पचमढ़ी में आस्था, इतिहास और प्रकृति का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। धार्मिक स्थलों में जटाशंकर गुफा, गुप्त महादेव, बड़ा महादेव मंदिर तथा चौरागढ़ महादेव विशेष आकर्षण हैं। वहीं पांडव गुफाएं ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व के लिए प्रसिद्ध हैं। प्राकृतिक सौंदर्य के अंतर्गत बी फॉल (जमुना प्रपात), अप्सरा विहार, डचेस फॉल तथा रजत प्रपात पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। सूर्योदय एवं सूर्यास्त के अद्भुत दृश्यों के लिए धूपगढ़, प्रियदर्शिनी पॉइंट, हांडी खोह, ईको पॉइंट और ग्रीन वैली प्रमुख स्थल हैं। इसके अलावा पचमढ़ी झील, बेगम पैलेस तथा सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान जैसे स्थल भी यात्रा को और अधिक खास बनाते हैं।

### संरक्षण पर भी विशेष जोर दिया, हर मौसम में खास हर पल यादगार

पचमढ़ी में लगभग 15 से 20 प्रमुख पर्यटन स्थल हैं, जो प्रकृति, रोमांच और आध्यात्मिक अनुभव का अनूठा संगम प्रस्तुत करते हैं।

जिला पर्यटन कार्यालय द्वारा जारी यह नई गाइड पर्यटकों को एक संपूर्ण, सुरक्षित और यादगार यात्रा अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।



### पर्यटकों के लिए जरूरी सुझाव

गाइड में पर्यटकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं, जिनमें कुछ स्थलों के लिए वन विभाग की अनुमति, निर्धारित समय एवं मार्गों का पालन, प्लास्टिक उपयोग से बचाव तथा एडवेंचर स्थलों पर गाइड लेना अनिवार्य बताया गया है। स्वच्छ पचमढ़ी, सुंदर पचमढ़ी के संदेश के साथ पर्यावरण

## अधिवक्ता संघ द्वारा प्रशिक्षण कार्यशाला का तृतीय दिवस संपन्न

**पिपरिया,21 मार्च**अधिवक्ता संघ तहसील पिपरिया में आयोजित अधिवक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला का तृतीय दिवस शुक्रवार को दोपहर न्यायालय परिसर स्थित बार कक्ष में सम्पन्न हुआ.

प्रशिक्षण कार्यशाला कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अखिलेश चांडक जी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रजनीश शर्मा द्वारा अधिवक्ताओं को एन.आई. एक्ट विषय पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस दौरान अधिनियम के व्यावहारिक पहलुओं, न्यायालयीन प्रक्रिया एवं नवीनतम विधिक दृष्टिकोणों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष अधिवक्ता संघ पिपरिया अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह नागवंशी, सचिव वेद भार्गव, सह सचिव राजेश रजक सहितें अधिवक्ता उपस्थित रहे.

# कम भोजन खाना बच्चों को तालीम पूरी देना का संकल्प लिया

## ईद पर अता की नमाज

**बनखेड़ी,21 मार्च नससे.** मुस्लिम धर्मावलंबियों ने शनिवार को खुशहाली के साथ से ईदुल फितर मनाई। एक दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद दी। सुबह करीब साढ़े 9 बजे स्थानीय ईदगाह में ईद की विशेष नमाज अता की गई। इसके पहले पेश इमाम मुहम्मद इमरान अजहरी साहब ने ईद पर बयान देते हुए ईद का विस्तारपूर्वक महत्व बताया। एक-दूसरे का सहयोग, सम्मान करने, असहाय, पड़ोसियों की मदद करने की बात बताई। सबसे महत्वपूर्ण तालीम (शिक्षा) को बढ़ाने की बात कही।

ईदगाह में शामिल सभी के हाथ उठवाकर संकल्प दिलाया कि भोजन हम आधा कर लेगें, लेकिन बच्चों को तालीम पूरी देंगे। क्योंकि शिक्षा ही अंधकार को दूर कर सकती है। इसके बाद नमाज अता करके सामूहिक दुआं मांगी। जिसमें देश की हिफाजत, तरक्की, खुशहाली, कौमी एकता, अखंडता और आपसी भाईचारे की दुआं मांगी गई। प्रशासन के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।



### 9 और 11 साल के भाइयों ने रखे 30 के रोजे

इस्लाम धर्म के अनुसार रहमत और बरकत वाले माहे रमजान में रोजे रखना सभी बालिगों पर फर्ज है। इसी सिलसिले को बरकरार रखते हुए 9 साल के मोहम्मद राहिल और मोहम्मद फरहान (जैद) पिता मोहम्मद जावेद दोनों भाइयों ने भी अल्लाह की इबादत के लिए शिद्दत के साथ पूरे 30 दिन के रोजे रखे और नमाज अता की। इस दोनों की इबादत को देखते हुए धार्मिक बंधुओं ने प्रशंसा करते हुए हौसला अफजाई की।

## ईद पर विशेष नमाज अदा की

**इटारसी,21 मार्च नससे.** शहर में ईद-उल-फितर का त्योहार पारंपरिक उत्साह और अकीदत के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने शिरकत की।अंजुमन नूरुल इस्लाम कमेटी, इटारसी द्वारा निर्धारित समय सारणी के अनुसार शहर के प्रमुख स्थलों पर नमाज का आयोजन किया गया।

नमाज के बाद खुतबा पढ़ा गया और मुल्क की तरक्की, खुशहाली तथा भाईचारे के लिए सामूहिक दुआएं मांगी गईं।प्रमुख स्थलों पर नमाज का समयनमाज के लिए अलग-अलग मस्जिदों में समय निर्धारित किया गया था, ताकि व्यवस्था सुचारू बनी रहे।अंजुमन कमेटी के सदर मो. अयूब खान द्वारा पूर्व में ही अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) और नगरपालिका प्रशासन को पत्र लिखकर साफ-सफाई, पेयजल और सड़कों की मरम्मत (मुरम डलवाने) हेतु निवेदन किया गया था। प्रशासन की ओर से नमाज स्थलों के आसपास स्वच्छता और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम देखे गए।

नमाज के संपन्न होने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी।

### ईद पर कांग्रेस जनों ने मुस्लिम भाइयों को मुबारकबाद दी

**माखन नगर,21 मार्च र**मजान के पवित्र एक माह मुस्लिम धर्म के लोगों ने रोजे रखे रमजान के समापन पर ईद गाह पर ईद की नमाज पढ़ी गई सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दी मंगलवारा बाजार में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हेमंत यादव नगर कांग्रेस अध्यक्ष रत्नेश बडगूजर एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं ने ईदगाह से ईद की नमाज अता कर लौट रहे मुस्लिम भाइयों को मिठाई खिलाई और गले लगाकर ईद की बधाई दी इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत यादव मोनू ने कहा हिंदू मुस्लिम सभी भाई-भाई है हमारी पार्टी और मेरी ओर से ईद की मुबारकबाद नगर कांग्रेस अध्यक्ष रत्नेश् बडगूजर ने मुस्लिम भाइयों को मिठाई खिलाकर बधाई दी कार्यक्रम में कुलदीप मिश्रा पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष उमेश तिवारी, राजेंद्र बडगूजर , आदि उपस्थित थे.

## ईदगाह में अदा हुई नमाज, अमन-चैन और खुशहाली की मांगी दुआ

**सोहागपुर,21 मार्च नससे.** रमजान के 30 रोजों के बाद ईद का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि ईदगाह परिसर पहुंचकर लोगों को ईद की मुबारकबाद देते नजर आए। जानकारी के अनुसार ईद की मुख्य नमाज ईदगाह में अदा की गई, जहां मरकज़ जामा मस्जिद के पेश इमाम अब्दुल जब्बार कासमी साहब ने नमाज अदा कराई। वहीं वक्फ कायमखानी मस्जिद में सुबह 9ः30 बजे ईद की नमाज अदा की गई, जहां हाफिज व कारी मोहम्मद मरगूब रज़ा कादरी साहब ने नमाज पढ़ाई। नमाज के बाद देश में अमन-चैन, खुशहाली और तमाम बुरी नजरों व साजिशों से मुल्क की हिफाजत के लिए विशेष दुआ की गई। दुआ के उपरांत लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके बाद कई लोग कब्रिस्तान पहुंचे, जहां अपने पूर्वजों को याद कर उनकी मगफिरत के लिए दुआ की। ईद को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। ईदगाह परिसर में एसडीओपी संजू चौहान, तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े, थाना प्रभारी उषा मरावी,सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल उपस्थित थे1

### गणगौर पर सखी मंच ने ईशर गौराजी की शोभायात्रा निकाली

**पिपरिया,21 मार्च नससे.** गणगौर के अवसर सखी मंच द्वारा पचमढी रोड पर विशाल शोभायात्रा निकाली।

शोभायात्रा निकाली जिसमें ईशर गौराजी रथ में सवार थे। वही महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर सुंदर सुंदर वस्त्र धारण किये हुए शोभायात्रा में शामिल हुई।

बैंड बाजो की धुन के साथ महिलायें नृत्य करते हुए चल रही थी शोभायात्रा में विशेष ही उत्साह था।

शोभायात्रा का समापन तहसील के पास दुर्गा मंदिर पर हुआ।

# वार्डों में होगा समस्याओं का संकलन

**इटारसी, 21 मार्च नससे.**कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वाराशहर के सभी 34 वार्डों में जाकर जनता की शिकायतें दर्ज करेंगे। इसके लिए एक विशेष शिकायत पत्र तैयार किया है, जिसमें मुख्य रूप से पेयजल संकट जैसे गंदा पानी, कम प्रेशर और अनियमित आपूर्ति, स्वच्छता जैसे कचरा संग्रहण में लापरवाही और नालियों की गंदगी, अधोसंरचना टूटी सड़कें, जलभराव और नई सड़कों की मांग, बिजली व पेंशन जैसे खराब स्ट्रीट लाइट, अघोषित बिजली कटौती, राशन कार्ड और वृद्धावस्था,विधवा पेंशन की पेंडेंसी।

अभियान की जानकारी देते हुए मयूर जैसवाल ने अभियान की विशिष्टता बताते हुए जैसवाल ने कहा कि कई समस्याओं का निराकरण मौके पर ही अधिकारियों से चर्चा कर कराया जाएगा। यदि नगर पालिका प्रशासन इसमें रुचि नहीं दिखाता है, तो युवा कांग्रेस कार्यकर्ता स्वयं के व्यय से नाली सफाई और स्ट्रीट लाइट सुधारने जैसे कार्य करेंगे।

प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा शासित नगर पालिका पर तीखा हमला करते हुए मयूर जैसवाल ने कहा, पिछले 10 वर्षों में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। हम राजनीति से ऊपर उठकर बात करते हैं, भाजपा के ही प्रकाश वल्लभ सोनी का कार्यकाल सराहनीय था जिसे लोग आज भी याद करते हैं, लेकिन वर्तमान परिषद में गिनाने लायक कोई काम नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि जो खुद को राजा समझ बैठे हैं, समय आने पर उनसे जनता की अनदेखी का हिसाब लिया जाएगा।

# किसान इस साल मूंग न बोएं : पटेल

**हरदा ,21 मार्च नससे.** भाजपा कार्यालय में पूर्व मंत्री कमल पटेल ने शनिवार को एक पत्रकार वार्ता में कहा कि किसान भाईयों इस साल आप मूंग न बोएं .

पटेल ने हरदा जिले में स्वीकृत सिंचाई परियोजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि जल्द ही हरदा पूरे प्रदेश में एकमात्र ऐसा जिला बन जाएगा जो शत-प्रतिशत सिंचित होगा ।उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश सरकार ने जिले में शहीद इलाप सिंह माइक्रो उद्वहन परियोजनास्वीकृत की है। इससे 118 गांवों के किसानों को पाइपलाइन के माध्यम से सिंचाई के लिए पानी मिलेगा ।पाइपलाइन डालने का काम शुरू हो गया है, जिसमें अब तक करीब 110 किलोमीटर क्षेत्र में काम पूरा हो चुका है, जबकि कुल 150 किलोमीटर क्षेत्र में लाइन डाली जानी है। श्री पटेल ने इन गांवों के किसानों से अपील की है कि आगामी ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल की बुआई के दौरान पाइपलाइन के दोनों तरफ की जमीन पर मूंग की बुआई न करें। इससे पाइपलाइन डालने के काम में कोई दिक्कत नहीं होगी। इसके अलावा जिन किसानों भाईयों को पानी पर्याप्त मात्रा में मिल रहा है वह मूंग की बुआई कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र के किसान भाइयों ने सहयोग किया तो आगामी 1 नवंबर से इन 118 गांवों को इस योजना के माध्यम से पानी उपलब्ध हो जाएगा। श्री पटेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोग तो दोगले है। एक और तो मुख्यमंत्री के हरदा आगमन पर विरोध कर रहे है और दूसरी तरफ उन्ही के पार्टी के विधायक डॉ. आर. के. दोगने मंच पर बैठकर सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए अभिनंदन कर रहे थे। इस स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि यहसमझ नहीं आ रहा कि सही कौन है और गलत कौन।

## नर्मदापुरम सीवरेज परियोजना का निरीक्षण गुणवत्तापूर्ण कार्य के निर्देश

**नर्मदापुरम,21,मार्च नससे .** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के परियोजना प्रबंधक श्री सुबोध जैन द्वारा नर्मदापुरम सीवरेज परियोजना का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने परियोजना की गुणवत्ता, समय-सीमा एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। इस दौरान उपयंत्री पीआईयू एवं संविदाकार के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नव वर्ष पर वैश्य महिला संगठन ने निकाली शोभायात्रा

पिपरिया,21 मार्च नससे.चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 के पावन अवसर पर वैश्य दिवस व नव वर्ष हिंदी कैलेंडर का नए साल का स्वागत पूरे हर्ष उत्साह और श्रद्धा के साथ शोभायात्रा के द्वारा किया गया। वैश्य समाज द्वारा शोभा यात्रा बालकृष्ण लाल जी की हवेली वल्लभ सुखधाम मंदिर से शुभारंभ किया गया शोभा यात्रा का स्वागत अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा एवं शीतल पेय पदार्थ द्वारा किया गया शोभा यात्रा में अखंड सुहाग सोलह सिंगार पर आधारित स्लोगन हमारी बहनों द्वारा बनाए गए जिसमें शुभांगी आदित्य मालपानी, दीपा मालपानी, प्रीति भट्टर ,प्रियंका गुप्ता ,साधना सोनी ,भावना मालानी द्वारा बहुत सुंदर एवं ज्ञानवर्धक स्लोगन बनाए गए शोभायात्रा ईशर गणगौर के रूप में शुभांगी मालपानी, रुचि सोडाणी सुनीता साहू ,संध्या साहू , अनुश्री सोनी, आरती गुप्ता, मीना गुप्ता ईशर गणगौर बनकर शोभा यात्रा को भव्य रूप दिया सभी महिलाओं ने मिलकर घूमर ईसर गणगौर के झाले वारने और सुंदर गीतों के साथ पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया सभी वैश्य बंधुओ ने मिलकर शोभायात्रा को भव्यता प्रदान की वैश्य महा सम्मेलन नर्मदा पुरम जिला प्रभारी, माहेश्वरी महिला संगठन की प्रदेश अध्यक्ष राजश्री राठी ,नगर प्रभारी संध्या गुप्ता वैश्य समाज नगर अध्यक्ष किरण मूंदड़ा द्वारा सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं व बधाई दी गई आने वाला नव वर्ष सभी के जीवन में खुशियां और समृद्धि लेकर आए सभी स्वस्थ व निरोगी रहे संसार में सुख शांति का वातावरण निर्मित होइस शुभकामना के साथ शोभा यात्रा का समापन पुराना गल्ला मंडी हनुमान जी की मडिया पर किया गया।

## झूलेलाल जयंती पर शोभायात्रा निकली

**पिपरिया ,21 मार्च नससे.** झूलेलाल जयंती के अवसर पर भगवान झूलेलाल की विशाल शोभायात्रा निकली और देर रात तक कार्यक्रमों का आयोजन चलता रहा। झूलेलाल जयंती के अवसर पर 15 दिन पूर्व से सिंधी गुरूद्वारा सहित विभिन्न स्थानो पर कार्यक्रमो का आयोजन हुआ। प्रभातफेरी निकली व अन्य कार्यक्रम हुए।

शुक्रवार को प्रातः वाहन रैली निकाली गई वही गुरूद्वारा में पूजन अर्चन के पश्चात सिंधु भवन में लंगर का आयोजन हुआ। शाम को पचमढी रोड सिंधी गुरूद्वारा से भगवान झूलेलाल का विशाल जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर पचमढी रोड अस्पताल के सामने इतवारा बाजार ब्रिज के पास पुराना बसस्टेंड मंगलवारा चौराहा सहित प्रमुख मार्गो पर समाजसेवियों,सामाजिक संगठनो,कांग्रेस परिवार,भाजपा परिवार,हिंदू उत्सव समिति,दुर्गा मंदिर धार्मिक न्यास द्वारा मंगलवारा चौराहे पर भगवान झूलेलालजी की पूजन अर्चन कर पुष्प वर्षा की। इस दौरान विधायक ठाकुरदास नागवंशी,नपाध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल,पूर्व जिला सतर्कता निगरानी सदस्य अरविंद राय,ममता नागवंशी,शंकर आशीर्वाल ,नीलेश राय,संतोष पर्ते,गोपाली दुदानी,सुखदेव कालोटी,मनोज नागौत्रा,श्याम सुंदर सोनी,बाबूलाल मौर्य,लखन आनंदानी,गिरधर मल्ल सहित भारी तादाद में समाजसेवी,गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



## गणगौर की शोभायात्रा निकाली

बाबई,21 मार्च नससे.गणगौर के पावन अवसर पर मारवाड़ी महिला मंडल, बाबई द्वारा भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया .

यात्रा महेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर पटेल मोहल्ला एवं मुख्य मार्गों से होती हुई बालाजी मंदिर पहुंची मंडल.मंडल की अध्यक्ष श्रीमती शिवानी खंडेलवाल, सचिव श्रीमती रश्मि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती आरती पाटनी, उपाध्यक्ष श्रीमती प्रीति टाबरी एवं सह-सचिव श्रीमती अंशु खंडेलवाल ने सभी मारवाड़ी महिला मंडल की सदस्यों का अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शोभा यात्रा एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार मानामारवाड़ी महिला मंडल ने बताया कि शोभा यात्रा पारंपरिक वेशभूषा, गीत-संगीत एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ निकाली गई, महिलाओं के गेम रखे गए जिससे नगर में उत्सव का वातावरण रहा

राम जन्म महोत्सव | श्री द्वारिकाधीश मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री राम कथा का तृतीय दिवस

# राक्षसों के विनाश के लिये श्री राम विश्वामित्र के साथ रवाना हुए

**इटारसी,21 मार्च.**श्री द्वारकाधीश बड़ा मंदिर परिसर तुलसी चौक में 63वे वर्ष में श्री रामजन्म महोत्सव अंतर्गत श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर में प्रतिदिन धार्मिक आयोजन में श्रीमद प्रयाग पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ओंकारानंद सरस्वती प्रवचन दे रहे हैं।

श्री राम कथा के द्वितीय दिवस शुक्रवार को व्यासपीठ पर विराजे महाराज श्री का स्वागत एवं पूजन समिति के अध्यक्ष नीरज जैन, कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक, उपाध्यक्ष विष्णु शंकर पांडे, सचिव अभिषेक तिवारी, संयुक्त सचिव शैलेन्द्र दुबे, कोषाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, सहकोषाध्यक्ष अमित सेठ, देवेंद्र पटेल, एमएल गौर, दिनेश सैनी, अखिल भारतीय तैलीक साहू महासभा, कर्मा सखी संगम, शिक्षक कल्याण संगठन के पदाधिकारियों एवं आयोजन समिति सदस्यों ने महाराज श्री का व्यासपीठ से स्वागत एवं पूजन किया.

महाराज श्री ने तृतीय दिवस की रामकथा को विस्तार देते हुए कहा कि राजा दशरथ की अयोध्या में सभी और सुख चैन था, परंतु जंगलों में निवास करने वाले ऋषि-मुनियों को राक्षस तंग किया करते थे और उनके यज्ञ में विघ्न पैदा करते थे। विश्वामित्र मुनि को जब पता लगा कि तब मुनिबर मन कीन्ह विचारा। पृथ्वी का भार उतारने के लिए प्रभु मनुष्य रूप में अवतार लिया। विश्वामित्र जी अयोध्या पहुंचे और राजा दशरथ से उन्होंने कहा कि असुर समूह सतावन मोहि। में जाचन आयहु नृप तोहि। ऋषि विश्वामित्र ने राजा दशरथ ने कहा कि असुर समूह उनको परेशान करते हैं उन्होंने राजा दशरथ से कहा कि अनुज समेत देहु रघुनाथा। निशिचर बध में होब सनाथाअयोध्या पति राजा दशरथ ने पहले तो दोनों पुत्रों को देने से मना किया और विश्वामित्र से हाथ जोड़कर कहा कि इसके बदले कुछ और मांग लें। तब विश्वामित्र ने राजा के कर्तव्यों की याद दिलाई तब राजा दशरथ ने राम लक्ष्मण को विश्वामित्र को सौंप दिया।

महाराज श्री ने विश्वामित्र और राजा दशरथ के प्रसंग को बहुत ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत करते हुए कहा कि ऐसा कौन पिता होगा जो अपने कुल में वर्षों पश्चात आई हुई संतानों को युवा अवस्था में राक्षसों के अंत के लिए ऋषि-मुनियों को सौंप देगा, परंतु राजा दशरथ का



पुत्र मोह कुछ समय ही रहा और उनको जब वास्तविक ज्ञान हुआ कि राजा का यह कर्तव्य है, प्रजा सुखी रहे, तब उन्होंने राम और लक्ष्मण को विश्वामित्र मुनि को सौंप दिया। राम और लक्ष्मण ने ऋषि विश्वामित्र के साथ जाकर उनके यज्ञ की रक्षा की और ताड़का नामक राक्षसी का वध किया।